मेरा हाथ पकड़ ले साईं और शिरडी ले कर चल

मेरा हाथ पकड़ ले साईं और शिरडी ले कर चल,
इस मन को वश में करलो ये मन है ये बड़ा चंचल,
मेरा हाथ पकड़ ले साईं और शिरडी ले कर चल,

पल पल ये उड़ता जाए मेरे हाथो में नहीं आये,
मैं इसे कैसे इसको सँभालु मुझे अपने साथ नचाये,
तुम अपनी भक्ति दे कर मेरा मन करदो निर्मल
मेरा हाथ पकड़ ले साईं और शिरडी ले कर चल,

हाल सभी के दिल का बाबा जाने है मेरे साईं,
थोड़ी सी मेरे मन पर करदो अपनी सी करुणाई,
तेरे पास है मेरे बाबा मुश्किलों का हल,
मेरा हाथ पकड़ ले साईं और शिरडी ले कर चल,

तेरी शरण में आकर साईं जीना इसको आएगा,
भटक रहा दुनिया में मन चैन बड़ा वो पायेगा
तुम इस के सिर पे रख दो ममता का आंचल,
मेरा हाथ पकड़ ले साईं और शिरडी ले कर चल,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15534/title/mera-hath-pkd-le-sai-or-shirdi-le-kar-chal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |